बरेली, गुरुवार
2 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO, IV, MIDDLE

श्रीराम मूर्ति क्रिकेट टूर्नामेंट का छठा सीजन कल से

बरेली: श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन का आगाज तीन अप्रैल से होने जा रहा है। एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट की इनामी राशि इस बार बढ़ाकर दो लाख रुपये (विजेता) और एक लाख रुपये (उपविजेता) कर दी गई है। टूर्नामेंट में दिल्ली, मेरठ, प्रयागराज और बरेली समेत कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मुकाबले एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्टेडियम में फ्लड लाइट की रोशनी में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले 12 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। वि.